# श्री गुजराती समाज बी.एड. महाविद्यालय, इंदौर

दि.30/07/2026

## प्रतिवेदन

श्री गुजराती समाज बी.एड.कॉलेज में दिनांक 29/07/2026 को उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार गुरु पूर्णिमा पर्व एवं सांदीपनि पर्व का गरिमामय आयोजन किया गया।कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. किरण दम्मानी, महाविद्यालय के चेयरमैन श्री राजेशभाई धरमसी, शिक्षकगण, अशैक्षणिक स्टाफ एवं विद्यार्थीगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सहा.प्रा.निधि सिन्हा द्वारा किया गया। कार्यक्रम की प्रभारी सहा.प्रा.अम्बर वारसी थीं। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती एवं महर्षि सांदीपनि के चित्र पर माल्यार्पण एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. किरण दम्मानी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए जीवन में गुरु के महत्व पर प्रकाश डाला तथा गुरु के मार्गदर्शन से व्यक्तित्व निर्माण एवं सफलता प्राप्ति के विभिन्न आयामों से विद्यार्थियों को अवगत कराया। महाविद्यालय के चेयरमैन श्री राजेशभाई धरमसी ने भी विद्यार्थियों को प्रेरणादायी संदेश प्रदान करते हुए गुरु-शिष्य परंपरा के महत्व को रेखांकित किया तथा भारतीय संस्कृति में गुरु के सर्वोच्च स्थान पर अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में सहा.प्रा.निधि सिन्हा ने गुरु पूर्णिमा पर्व के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं शैक्षिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए इसके आयोजन के उद्देश्य एवं आवश्यकता को विद्यार्थियों के समक्ष प्रस्तुत किया। महाविद्यालय के विद्यार्थी अफशीन रहमान, अर्पिता पाल और अजब पानबिहारवाला द्वारा शिक्षकों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम के अंत में सहा.प्रा.निधि सिन्हा द्वारा सभी उपस्थित अतिथियों, शिक्षकगण, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम उत्साह, श्रद्धा एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ तथा विद्यार्थियों को गुरु-शिष्य परंपरा के मूल्यों से प्रेरणा प्राप्त हुई।







**कार्यक्रम प्रभारी**
**सहा.प्रा.अम्बर वारसी**

**प्राचार्य**
**डॉ.किरण दम्मानी**